प्रादेशिक समाचार
दिनांक–25.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. **निर्वाचन आयोग ने झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की, मुख्य चुनाव आयुक्त ने संबंधित एजेंसियों को प्रलोभन मुक्त चुनाव कराने का दिया निर्देश।**

2. **सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा और संरक्षा के लिए केंद्र के दिशानिर्देशों को लागू करने को कहा।**

3. **भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही कैबिनेट की पहली बैठक में दो लाख 75 हजार रिक्त पदों को भरने का लिया जायेगा निर्णय।**

4. **जमीन घोटाला मामले में ईडी ने कांके के अंचलाधिकारी सहित छह के खिलाफ दाखिल किया आरोप पत्र, सीओ पर भूमि माफिया के साथ मिलकर सरकारी दस्तावेज में छेड़छाड़ करने का आरोप।**
5. **रांची, पलामू और गढ़वा समेत राज्य के कई हिस्सों में रुक–रुक कर लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित, मौसम विभाग ने आज और कल के लिए जारी किया येलो अलर्ट।**

****

निर्वाचन आयोग ने केन्द्र और झारखंड की प्रवर्तन एजेंसियों से कहा है कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव में धन–बल के उपयोग को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने निर्वाचन आयुक्तों– ज्ञानेश कुमार और एस. एस. संधू के साथ रांची में चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि चुनाव से जुडी एजेंसियों को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।
श्री कुमार ने अधिकारियों को पश्चिम बंगाल, ओडिशा और बिहार से लगी झारखंड सीमा पर विशेष नजर रखने को कहा।

****

इस बीच भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि भाजपा झारखंड में आजसू और जदयू के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री सरमा ने यह भी कहा कि आजसू और जदयू से इस मसले पर बातचीत भी हो चुकी है।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा पर केंद्र के दिशानिर्देश लागू करने को कहा है। न्यायालय ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ समन्वय स्थापित करने और दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन की निगरानी करने के लिए भी कहा है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिस्वर सिंह की पीठ ने कहा कि केंद्र ने स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा पर दिशा निर्देश अधिसूचित किए हैं और केंद्र सरकार को इसकी प्रतियां मुख्य सचिवों या समकक्ष अधिकारियों को भेजने का निर्देश दिया है।

****

प्रदेश में भाजपा के विधानसभा चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि हेमंत सोरेन सरकार राज्य में युवाओं को रोजगार दे सकने में विफल रही है। कल बोकारो में परिवर्तन रैली में उन्होंने कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद कैबिनेट की पहली ही बैठक में दो लाख 75 हजार रिक्त पदों को भरने का निर्णय लिया जायेगा।

साउंड बाइट– शिवराज सिंह –26 सेकेंड

****

इस बीच, मुखमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा पर युवाओं को गुमराह करने का आरोप लगाया है। श्री सोरेन ने कहा कि सरकार ने राज्य के चौतरफा विकास के लिए कई कदम उठाये हैं जो साफ तौर पर देखे जा सकते हैं। उन्होंने भाजपा पर योजनाओं को बाधित करने का आरोप लगाया।

****

इधर, पलामू जिले में मंइयां सम्मान यात्रा को संबोधित करते हुए गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने महिला सशक्तीकरण के लिए कई कदम उठाये हैं।

****

प्रवर्तन निदेशालय, इडी ने जमीन घोटाला मामले में भू–माफिया कमलेश सिंह, कांके के अंचलाधिकारी जय कुमार राम और पूर्व सीओ दिवाकर द्विवेदी समेत छह लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। अंचलाधिकारियों पर भू–माफिया कमलेश सिंह के साथ साजिश रच कर सरकारी दस्तावेज में छेड़छाड़ करने और जमीन की खरीद–बिक्री करने का आरोप है।

****

रांची के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तीकरण की दिशा में स्वंय सहायता समूह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

****

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दवाब का असर झारखंड पर दिख रहा है। रात से ही रांची, पलामू और गढ़वा समेत राज्य के कई हिस्सों में रुक–रुक कर लगातार बारिश हो रही है। इससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग ने रांची, गोड्डा और साहिबगंज समेत राज्य के कई जिलों में 27 सितंबर तक बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बारिश को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य में चुनाव आयोग की दो दिवसीय समीक्षा बैठक की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
प्रभात खबर ने लिखा है– झारखंड में चुनाव के लिए आयोग तैयार, महाराष्ट्र दौरे के बाद तिथि पर फैसला।
दैनिक भास्कर के शब्द हैं– सीइसी ने दिये संकेतः दो चरणों में हो सकता है झारखंड विधानसभा चुनाव।
हिन्दुस्तान की सुर्खी है– नवंबर में दो चरणों में हो सकते हैं विधानसभा चुनाव।
दैनिक जागरण लिखता है– पीएम मोदी और राष्ट्रपति जेलेंस्की तीन महीने में तीसरी बार मिले।
रांची एक्सप्रेस ने चतरा और कोडरमा में आयोजित आपकी योजना–आपकी सरकार कार्यक्रम की खबर को सुर्खी बनायी है।
अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ हाईकोर्ट के फैसले को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*******समाप्त************